अत्यावश्यक

नगरपालिका उप-निर्वाचन, 2023

राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार
STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

पत्र संख्या- न0नि0 50-258/2022 - 124

प्रेषक,

मुकेश कुमार सिन्हा,
सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला दण्डाधिकारी-सह-
जिल निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
पटना, कैमूर, नालन्दा, गया, सारण, वैशाली, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण, सीतामढ़ी, दरभंगा, मधेपुरा एवं अररिया

पटना, दिनांक - 11.1.24

विषय : नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 - मतदान दिवस से संबंधित विभिन्न IT Application का उपयोग करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि नगरपालिका उप निर्वाचन, 2023 के अवसर पर मतदान दिवस पर उपयोग किये जाने हेतु आयोग द्वारा विभिन्न IT Application तैयार किये गये हैं, जो निम्नवत् हैं :-

(a) PCCP Android App
(b) Presiding Officer Android App
(c) Sector Magistrate Android App
(d) Fecial Recognition System (FRS)

उल्लेखनीय है कि क्रमांक (a)-(c) से संबंधित IT Application का प्रशिक्षण आयोग द्वारा जिला स्तर पर तकनीकी कर्मी को दिया गया है। संबंधित IT Application का मैन्यूअल पत्र के साथ संलग्न है तथा आयोग के वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। Fecial Recognition System (FRS) संबंधी प्रशिक्षण चयनित एजेंसी द्वारा मतदान केन्द्र से संबंधित सभी तकनीकी कर्मी (P3B) को दी जायेगी।

उपरोक्त IT Application के संबंध में संबंधित द्वारा किये जाने वाले निम्नवत् हैं :-

(a) PCCP Android App - इस एप्प का उपयोग पी.सी.सी.पी. द्वारा किया जायेगा, जो निम्नवत् है :-

(क) पी.सी.सी.पी. द्वारा योगदान के बाद अपने मोबाईल पर PCCP APP को डाऊनलोड करेंगे।

(ख) सर्वप्रथम एप्प में आवश्यक सूचना अंकित करेंगे।

(ग) मतदान केन्द्र पर उपलब्ध कराने हेतु ई.वी.एम. प्राप्त करने पर ई.वी.एम. संबंधी सूचना अंकित की जायेगी।

(घ) मतदान तिथि को ई.वी.एम. मतदान केन्द्र पर पीठासीन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने संबंधी सूचना तथा मतदान उपरान्त पोल्ड ई.वी.एम. की प्राप्ति सूचना अंकित की जायेगी।

(ङ) पोल्ड ई.वी.एम. को बज्रगृह में प्राप्ति स्वीकार होने के उपरान्त सूचना एप्प में प्रविष्ट की जायेगी।

10.1.24

(b) Presiding Officer Android App - *इस एप्प का उपयोग पीठासीन पदाधिकारी द्वारा किया जायेगा, जो निम्नवत् है :-*

(क) पीठासीन पदाधिकारी द्वारा योगदान के बाद अपने मोबाईल में Presiding Officer App *डाऊनलोड कर संबंधित मतदान केन्द्र की सूचना प्रविष्ट की जायेगी। तकनीकी सहायता मतदान दल में सम्मिलित* P3B *से प्राप्त की जा सकती है।*

(ख) P3B *द्वारा* FRS *कार्य हेतु मेबाईल में डाऊनलोड किये गये मतदाता सूची का प्राप्त हुये मतदाता सूची की हार्ड कॉपी से मिलान कर आश्वस्त हो लेंगे।*

(ग) मतदान तिथि को मतदान आरम्भ होने, प्रति दो घंटे पर VTR, *मतदान समाप्ति के साथ-साथ मतदान के दौरान किसी अप्रिय घटना आदि की सूचना एप्प में अंकित की जायेगी।*

(घ) P3B *द्वारा मतदाताओं के सत्यापन हेतु किये जा रहे* FRS *संबंधित कार्य को सुचारू रूप से करने हेतु पीठासीन पदाधिकारी द्वारा प्रेरित किया जायेगा।*

(c) Sector Magistrate Android App - *इस एप्प का उपयोग सेक्टर मैजिस्ट्रेट द्वारा किया जायेगा, जो निम्नवत् है :-*

(क) सेक्टर मैजिस्ट्रेट द्वारा योगदान के बाद अपने मोबाईल में Sector Magistrate App *डाऊनलोड कर सभी आवश्यक सूचना प्रविष्ट की जायेगी।*

(ख) सेक्ट मैजिस्ट्रेट द्वारा प्रत्येक दो घंटे पर VTR *अंकित कराना सुनिश्चित करायेंगे।*

(ग) संबंधित मतदान क्षेत्र में किसी भी अप्रिय घटना आदि के संबंध में स्थिति से एप्प के माध्यम से अलर्ट करेंगे।

उक्त परिप्रेक्ष्य में आयोग द्वारा निदेश दिया गया है कि मतदान के दिन सभी IT Application *का उपयोग करने हेतु सम्बंधित कर्मी को निदेशित की जाय एवं उपयोग कराना सुनिश्चित की जाय। साथ ही जिला पदाधिकारी स्तर एवं निर्वाची पदाधिकारी स्तर से मतदान दिवस को किये जा रहे कार्य का अनुश्रवण किया जाये।*

विदित हो कि उक्त एप्प के माध्यम से किये जा रहे कार्य का आयोग द्वारा सघन/सतत् अनुश्रवण किया जायेगा।

अनुरोध है कि तदनुसार कार्रवाई की जाय एवं तत्संबंधी निदेश से संबंधित निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी के साथ-साथ सभी संबंधित को अवगत कराने की कृपा की जाय।
अनुलग्नक यथोक्त।

विश्वासभाजन,
11/01/24
सचिव।

ज्ञापांक - न0नि0 50-258/2022 - 124 *पटना, दिनांक –* 11/1/24
प्रतिलिपि, आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

11/01/24
सचिव।

ज्ञापांक - न0नि0 50-258/2022 - 124 *पटना, दिनांक –* 11/1/24
प्रतिलिपि, प्रमंडलीय आयुक्त, ***पटना, मगध (गया), सारण, तिरहुत (मुजफ्फरपुर), दरभंगा, कोशी (सहरसा) एवं पूर्णियाँ*** *को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।*

11/01/24
सचिव।

ज्ञापांक - न0नि0 50-258/2022 - 124 पटना, दिनांक - 11.1.24

प्रतिलिपि, प्रधान सचिव, नगर विकास एवं विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/01/24

सचिव।